**शोभना बंदोपाध्याय**
**महाप्रबंधक**
**Shobhana Bandopadhyaya**
General Manager

सत्यमेव जयते
**भारत सरकार** / Govt. of India
**रेल मंत्रालय** / Ministry of Railways

**पश्चिम मध्य रेल**
**जबलपुर** - 482 001
**West Central Railway**
**Jabalpur - 482 001**



# महाप्रबंधक का संदेश

## हिंदी दिवस - 14 सितंबर 2024

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

14 सितंबर का पावन दिन हमें राजभाषा हिंदी के गौरव और सम्मान का स्मरण कराता है। इसी दिन सन् 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। तब से इस ऐतिहासिक दिन की याद में हम प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। भारत सांस्कृतिक एवं भाषिक विविधताओं का देश है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की इन विविधताओं को एक सूत्र में पिरोने का कार्य हिंदी बखूबी निभा रही है। यह हिंदी की सहृदयता ही है कि इसने अपने देश की विभिन्न भाषाओं, बोलियों के अलावा विश्व की भाषाओं के शब्दों को आत्मसात् कर सभी को सम्मान दिया है।

हमारी भारतीय रेल भी सदैव यह कार्य कर रही है। रेल जब एक छोर से दूसरे छोर तक जाती है तो जाने-अनजाने सांस्कृतिक एवं भाषिक विविधताओं को देशभक्ति के भावनात्मक सूत्र में हिंदी के माध्यम से स्वत: ही पिरो देती है। अत: हमारे लिए हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं गौरव का विषय है।

आज हिंदी भारत के न सिर्फ व्यापार एवं आर्थिक उन्नति का माध्यम बनी है वरन् विज्ञान, तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी को देश के सुदूर गाँवों तक पहुँचाने में अपनी सार्थकता प्रमाणित कर रही है। इन सबसे यह सिद्ध होता है कि हिंदी सुगम, सुबोध एवं सरल भाषा है।

मुझे खुशी है कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रति आप सभी की गहरी निष्ठा एवं समर्पण के फलस्वरूप पश्चिम मध्य रेल को राजभाषा के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष पश्चिम मध्य रेल के 02 वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड अधिकारियों को हिंदी के प्रयोग-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान हेतु 'कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक' तथा 'रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक' प्राप्त हुए हैं। साथ ही, दो कर्मचारियों ने 'मुंशी प्रेमचंद पुरस्कार योजना' तथा 'अखिल रेल हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन योजना' के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर हमारा गौरव बढ़ाया है।

इन विशिष्ट उपलब्धियों के लिए मैं आप सभी को बधाई देती हूं और आशा करती हूं कि भविष्य में भी आप सभी इसी उत्साह से राजभाषा के प्रयोग - प्रसार में योगदान देते रहेंगे।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर पुन: हम सभी संकल्प लें कि हम अपना अधिक-से -अधिक सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करें तथा नवीनतम परिवर्तनों को समाहित कर नवाचार के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रयोग - प्रसार के प्रति सतत प्रयासरत रहें।

जय हिंद !

शोभना

**( शोभना बंदोपाध्याय )**
**महाप्रबंधक**
**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**